# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

**पत्रक भाग-एक**

**मंगलवार, दिनांक 31 अक्टूबर, 2006 (कार्तिक 9, 1928)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के गायन से प्रारम्भ हुई।

### 2. निधन उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्य विधान सभा श्री किशोरीलाल वर्मा, भूतपूर्व विधान सभा अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल श्री सूरजभान, कर्नाटक के भूतपूर्व राज्यपाल श्री भानुप्रताप सिंह, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती नंदिनी सत्पथी, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री रवीन्द्र वर्मा, बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक श्री कांशीराम, भूतपूर्व संसद सदस्य श्री योगानंद सरस्वती, भूतपूर्व संसद सदस्य श्री कृष्ण सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा श्री सुखेन्द्र सिंह, श्री रघुवीर सिंह, श्री रणवीर सिंह शास्त्री, श्री दीवान भगवत सिंह, सुप्रसिद्ध शहनाई वादक श्री बिसमिल्ला खां तथा प्रदेश में हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों, के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किये गये.

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण श्री विजय बहादुर सिंह बुन्देला, श्री मनमोहन शाह "बट्‌टी", श्रीमती सरोज बच्चन नायक, श्री हरिवल्लभ शुक्ला, श्री रामलखन शर्मा तथा श्री लाखन सिंह बघेल ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किये.

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में 11.05 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 1 नवम्बर, 2006 (कार्तिक 10, 1928) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**